हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
18 जुलाई 2024, समय 1305

उच्चतम न्यायालय में आज चिकित्सा पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के विवाद से जुडी याचिकाओं की सुनवाई की जा रही है।11 जुलाई को उच्चतम न्यायालय ने परीक्षा को रद्द करने, दोबारा परीक्षा करवाने और नीट यूजी - 2024 के आयोजन में कथित गडबडियों के मामले सहित सभी याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी थी। न्यायालय द्वारा केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी NTA की ओर से कुछ पक्षों को जवाब न मिलने के कारण सुनवाई आगे बढ़ाई गई थी।

केंद्रीय विद्युत एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने नई दिल्ली स्थित नए महाराष्ट्र सदन में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा लिखित पुस्तक 'वायर्ड फॉर सक्सेस' का लोकार्पण किया।इस अवसर पर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डी के शर्मा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। यह पुस्तक हरियाणा में बिजली सुधारों की दिशा में किए गए प्रयासों पर आधारित है जिसका समाज के सभी वर्गों व अन्य राज्यों के बिजली वितरण निगमों को भी बड़े पैमाने पर लाभ होगा।केंद्रीय विद्युत मंत्री ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा कि 2014 में हरियाणा के केवल 105 गांवों में 24 घंटे बिजली दी जाती थी, और 7000 करोड़ से अधिक के बकाया बिल थे। परन्तु 2016 में उदय योजना के तहत व्यापक सुधार के कदम उठाए गए। हरियाणा की दोनों बिजली कंपनियों ने निर्धारित लक्ष्य से दो वर्ष पहले ही लाभ अर्जित कर लिया। आज हरियाणा में 5800 से अधिक गांवों को 24 घंटे बिजली मिल रही है।पुस्तक के बारे में विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि 'वायर्ड फॉर सक्सेस' पुस्तक हरियाणा बिजली वितरण कंपनियों की अभूतपूर्व कहानी पर आधारित है।

देवी अहिल्याबाई होल्कर संस्था व पाल गडरिया समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कल हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात की और उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि हरियाणा के गडरिया समाज का अंग्रेजों के जमाने से भेड़ बकरी पालने का काम रहा है और उन्हें एक जगह से दूसरी जगह भेड़ बकरी चराने के लिए जाना पड़ता है। ऐसे में बच्चों को पढ़ाने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा की कुछ घुमंतू जातियों को अनुसूचित जन जाति सूची में शामिल करने, पाल गडरिया समाज के छात्रों के लिए देवी अहिल्याबाई होल्कर के नाम से कुरुक्षेत्र में छात्रावास के लिए सरकार से

जमीन दिलवाने, राजनीति में पाल गडरिया समाज की हिस्सेदारी होने और प्रदेश में 'देवी अहिल्याबाई होल्कर के नाम से बोर्ड का गठन करने का मांग पत्र राज्यपाल को सौंपा।राज्यपाल ने देवी अहिल्याबाई होल्कर संस्था व पाल गडरिया समाज के प्रतिनिधियों को उनकी तमाम मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

हरियाणा के परिवहन मंत्रीअसीम गोयल ने कहा कि रोडवेज कर्मचारियों की सभी जायज़ मांगों को पूरा किया जाएगा। पदौन्नति तथा दैनिक भत्तों में बढ़ोतरी के मामलों को सकारात्मक तरीके से निपटाया जाएगा।हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद परिवहन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कर्मचारियों की पदौन्नति लंबित है उनको जल्द से जल्द इसका लाभ दिया जाए। उन्होंने विभाग के चालक व परिचालकों के रात्रि ठहराव को लेकर एक महीने में देय दैनिक भत्ते के दिनों की अधिकतम सीमा बढ़ाने का भी आश्वासन दिया ।श्री गोयल ने कर्मचारियों के अर्जित अवकाश बढ़ाने , पे-ग्रेड में बढ़ोतरी, ओवरटाइम में वृद्धि समेत अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की और आश्वासन दिया कि विभागीय जांच -पड़ताल के दौरान जो भी मुद्दे जायज़ पाए गए उन सभी पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा के पशुपालन मंत्री कंवर पाल ने पंचकूला स्थित "पालतू पशु चिकित्सा केंद्र " की तर्ज पर सभी जिलों में एक एक पालतू पशु चिकित्सा केंद्र खोलने की संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए ताकि वहां पर बीमार एवं घायल पालतू जानवरों के अलावा पक्षियों का भी समुचित उपचार किया जा सके।श्री कंवर पाल ने चंडीगढ़ में हरियाणा निवास में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए।पशु पालन एवं डेयरी मंत्री ने प्रदेश में गायों की नस्ल में सुधार के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके बछड़ों की बजाए बछड़ियों की जन्म दर बढ़ाने के निर्देश भी दिए ।मंत्री ने कहा कि वर्तमान मशीनी युग में कृषि आदि के कार्यों में बछड़ों का प्रयोग न के बराबर हो गया है। उन्होंने कहा कि हर जिला में कम से कम एक गौशाला को नस्ल -सुधार के लिए विभाग द्वारा गोद लिया जाना चाहिए ताकि भविष्य में ज्यादा दूध देने वाली गायों की संख्या बढ़ सके।

....